वार्षिक रिपोर्ट

सत्र 2022-2023

स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा

विश्व क्षय रोग दिवस - दिनांक 24-03-2023

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज
Uttar Pradesh Rajarshi Tandon Open University, Prayagraj

प्रतिवेदन

विषय:-विश्व क्षय रोग दिवस पर विश्वविद्यालय / संस्थानों में क्षयरोग उन्मूलन हेतु आयोजित कार्यक्रम

विश्व क्षय रोग दिवस (World Day) दिनांक 24-03-2023 को प्रोफेसर डॉक्टर गिरिजा शंकर शुक्ला जी का व्याख्यान। उन्होंन बताया की उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में जैसा कि आप अवगत है कि देश को क्षय रोग से मुक्ति दिलाने के लिये देश व प्रदेश में व्यापक पैमाने पर मुहिम चलाई जा रही है। क्षयरोग (टी०बी०) संक्रामक बीमारी और उसके स्वास्थ्य परिणामों के बारे में जन जागरूकता फैलाने तथा देश व प्रदेश में क्षय रोग (टी०बी०) महामारी की समूल समाप्ति हेतु विभिन्न स्तरों पर निरन्तर आवश्यक प्रयास किये जा रहे हैं। परिप्रेक्ष्य में राजभवन सहित प्रदेश के सभी / संस्थानों व उनसे सम्बद्ध महाविद्यालयों में दिनांक 24-03-2023 को विश्व क्षय रोग (World Tuberculosis Day) दिवस को "निक्षय दिवस" के रूप में मनाये जाने का निर्णय लिया गया है जिसमें विश्वविद्यालयों/ संस्थानो द्वारा गोद लिये गये गाँवों में चिन्हित क्षय रोगियों को गोद लिया जाना अपेक्षित है। विश्व क्षय रोग दिवस पर मुख्य चिकित्साधिकारी से आवश्यक समन्वय स्थापित करके क्षय रोगियों को चिन्हित किया जाये तथा चिन्हित रोगियों पर क्षय रोग (संक्रामक बीमारी) की समुचित जौधे परामर्श एवं जन जागरूकता गतिविधियों व उन्मूलन पर जोर दिया जाये। विश्वविद्यालय / संस्थानों व उनसे सम्बद्ध महाविद्यालयों द्वारा गोद लिये गये गाँवों के चिन्हित रोगियों से उनके पोषण व स्वास्थ्य एवं नियमित उपचार / निदान तथा रोगियों को स्वास्थ्य विभाग की ओर से नियमित दवाइयों एवं पं पोटली की उपलब्धता के बारे में समुचित जानकारी संकलित की जायेगी। इसके साथ ही क्षय रोगी को मिलने वाली पोषण पोटली का उपयोग क्षय रोगी ही करें. इसके लिये स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी अपेक्षित फॉलोअप भी करें। जिन गाँवों को विश्वविद्यालयों / संस्थानों द्वारा गोद लिया गया है, उन गाँवों में शासन के सहयोग से निक्षय मित्र बनाये जायें। विश्वविद्यालयों / संस्थानों की ओर से इस अवसर पर चिन्हित रोगियों को एक "पोषण पोटली" वितरित की जाये, जिसमें भुना चना, गुड मूँगफली, चिक्की, सत्तू, पौष्टिक बिस्किट और अन्य आवश्यक पोषक सामग्री शामिल हो।

Scanned with OKEN Scanner